# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0 / 760 / 2025 दिनांकः– 10 अक्टूबर, 2025

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त महाविद्यालय,**
**संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,**
**अलीगढ।**

**विषयः– शैक्षणिक कैलेण्डर 2025–26 के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ के पत्र संख्या–622 / सत्तर–1–2025–16(11) / 2014 टी0सी0–।। के क्रम में सत्र् 2025–26 हेतु शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार विषम सेमेस्टर की परीक्षाऐं माह नवम्बर–2025 के मध्य में होना प्रस्तावित है। जिसके दृष्टिगत रखते हुए आपके स्तर से प्रवेश प्रक्रिया समय से पूर्ण कर कक्षाऐं संचालित की जा रही है। परन्तु इसी के मध्य में सम्बद्ध महाविद्यालयों की अनुशंसा एवं छात्रों की माँग को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया हेतु पोर्टल पुनः खोला गया था। परन्तु नियमित कक्षाऐ स्नातक स्तर पर 01 अगस्त, 2025 एवं परास्नातक स्तर की कक्षाऐ 14 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ हो चुकी थी।

उक्त के सन्दर्भ में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश प्राप्त हुआ है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ अपने समस्त सेमेस्टर का पाठ्यक्रम अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिससे शैक्षणिक कैलेण्डर 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का संचालन समय से कराया जा सके। जिससे प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेण्डर 2025–26 का पालन सुनिश्चित किया जा सके। अन्यथा की स्थिति में आपका उत्तर दायित्व भी निर्धारित किया जा सकता है।

10-10-2025
**परीक्षा नियत्रंक**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0, अलीगढ़।
3. समस्त अतिथि प्रवक्ता, समस्त विभाग, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0, अलीगढ़।
4. गार्ड फाईल।

10-10-2025
**परीक्षा नियत्रंक**

RT